(8) निर्यात बाध्यता से सम्बद्ध बड़े पने वाले शटल रहित करघों तथा रोटर स्पिनिंग मशीनों के रियायती आयात शुल्क पर आयात की अनुमति ।

देश में हथकरघा-एककः

287. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में हथकरघा-एककों की राज्य-वार संख्या कितनी है; इन एककों में कितने व्यक्ति नियोजित हैं तथा पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक राज्य में कितने नये एककों को खोला या बन्द किया गया है ;

(ख) इस समय हथकरघा-क्षेत्र का वार्षिक उत्पादन कितना है तथा पिछले तीन वर्षों के दौरान वर्ष-वार, इस क्षेत्र द्वारा जनता कपड़ा का कितनी मात्रा में उत्पादन किया गया ; और

(ग) क्या सरकार हथकरघा-क्षेत्र के विकास के लिए कोई योजना बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री खुर्शीद आलम खान): (क) देश में हथकरघा क्षेत्र विकेन्द्रीकृत है और कुटीर उद्योग के रूप में चलाया जाता है । इसलिए गत तीन वर्षों के दौरान खोले गए अथवा बन्द हुए हथकरघा एककों के कोई आंकड़े नहीं हैं । अलग-अलग समय पर विभिन्न राज्यों द्वारा किए गए सर्वेक्षणों के आधार पर देश में हथकरघों की कुल संख्या अनुमानतः लगभग 30 लाख है । हथकरघों का राज्य-वार विवरण दर्शाने वाला विवरण संलग्न है । (नीचे देखिये) 1985-86 के दौरान हथकरघा क्षेत्र में रोजगार प्राप्त व्यक्तियों की संख्या अनन्तिम तौर पर अनुमानतः 78.5 लाख है ।

(ख) 1985-86 के दौरान हथकरघा क्षेत्र में अनन्तिम तौर पर अनुमानतः 36800 लाख मीटर का उत्पादन हुआ है । गत तीन वर्षों के दौरान जनता कपड़े का उत्पादन निम्नोक्त प्रकार हुआ है:-

वर्ष	उत्पादन लाख वर्गमीटर में
1983-84	3483.40
1984-85	3567.70
1985-86	3981.20 (अन्तिम)

(ग) भारत सरकार हथकरघा क्षेत्र के विकास के लिये निम्नलिखित योजनाएं कार्यान्वित करती रही है:-

(1) प्राथमिक सहकारी समितियों में शेयर पूंजी अंशदान के लिए हथकरघा बुनकरों को ऋण सहायता ।

(2) प्राथमिक सहकारी समितियों, एपैक्स सहकारी समितियों और राज्य हथकरघा विकास सहकारी समितियों और राज्य हथकरघा विकास निगमों को शेयर पूंजी सहायता ।

(3) प्राथमिक हथकरघा सहकारी समितियों को प्रबन्धकीय उपदान ।

(4) हथकरघा सहकारी समितियों और राज्य हथकरघा विकास निगमों के लिए आधुनिकीकरण सहायता ।

(5) करघा-पूर्व तथा करघा-पश्चात् संसाधन सुविधाओं की स्थापना के लिए सहायता ।

(6) जनता कपड़ा योजना ।

(7) विशेष छूट योजना ।

(8) हथकरघा बुनकर सहकारी क्षेत्र में कताई मिलों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता ।

(9) विशेष पर्वतीय क्षेत्र विकास परियोजनाएं ।

(10) थ्रिफ्ट कोष योजना ।

(11) कार्यशाला-सह-आवास योजना ।

विवरण

करघों का वितरण

(हजारों में)

क्रमांक	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	करघों की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	529
2	असम	200*
3	बिहार	100
4	गुजरात	20
5	हरियाणा	41
6	हिमाचल प्रदेश	1
7	जम्मू और काश्मीर	37
8	कर्नाटक	103
9	केरल	95
10	मध्य प्रदेश	33
11	महाराष्ट्र	80
12	मनीपुर	100*
13	मेघालय	5*
14	नागालैंड	20*
15	उड़ीसा	105
16	पंजाब	21
17	राजस्थान	144
18	सिक्किम	उ.न.
19	तमिलनाडु	556
20	त्रिपुरा	100
21	उत्तर प्रदेश	509
22	पश्चिमी बंगाल	256
23	अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह	उ.न.
24	अरुणाचल प्रदेश	उ.न.
25	चण्डीगढ़	उ.न.
26	दादर तथा नगर हवेली	उ.न.
27	दिल्ली	5
28	गोवा दमन तथा दिव	उ.न.
29	मिजोरम	1
30	लक्षद्वीप	उ.न.
31	पांडिचेरी	4
	योग :	3065

*घरेलू करघे, जिनकी कुल संख्या लगभग 8 लाख है, शामिल नहीं हैं।